प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल प्रयागराज के नैनी में बायो–सीएनजी प्लांट का करेंगे अनावरण : महाकुंभ की तैयारियों का लेंगे जायजा।
2. नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने महाकुंभ को लेकर प्रयागराज में विशेष स्वच्छता अभियान का किया शुभारम्भ : जन भागीदारी बढ़ाने के लिये लोगों को किया जागरूक।
3. नये साल को लेकर प्रदश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने दिये आवश्यक दिशा निर्देश : वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं क सुरक्षित और सुगम दर्शन के लिये की गई विशेष व्यवस्थाएं। और
4. पहाड़ों पर बर्फबारी से प्रदेशभर में शीतलहर ने बढ़ाई ठंड : मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में गिरावट का जताया अनुमान।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल प्रयागराज में महाकुम्भ की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री नैनी में निर्मित बायो सीएनजी प्लांट का भी अनावरण करेंगे। इसके साथ ही वह संगम ऐरावत घाट, संगम नोज घाट और गंगा सेतु के समानांतर बने स्टोल ब्रिज का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री महाकुंभ की तैयारियों

के स्थलीय निरीक्षण के बाद अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट....

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नैनी के अरैल घाट के पास 125 करोड़ रुपये की लागत से तैयार जिस बायो सीएनजी प्लांट का कल शुभारम्भ करेंगे वह प्रतिदिन 21 दशमलव पांच टन गैस के साथ दो सौ 9 टन जैविक खाद बनायेगा। इस प्लांट की कुल क्षमता 343 टन प्रतिदिन उत्पादन की है। इस प्लांट से बायो–सीएनजी की आपूर्ति प्रयागराज सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी की जायेगी। प्रयागराज नगर निगम आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग ने बताया कि इस बायो सीएनजी प्लांट की स्थापना से नगर निगम को आय होगी साथ ही प्रतिदिन 2 सौ टन जिले के कचरे का निपटान हो सकेगा। वहीं हवा की गुणवत्ता सुधार की दिशा में यह प्लांट मील का पत्थर साबित होगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।*

———————————

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज प्रयागराज के दशाश्वमेध घाट पर सामूहिक स्वच्छता कार्यक्रम में हिस्सा लिया और स्वच्छता कार्यों में श्रमदान किया। उन्होंने प्रयाग नगरी के सभी वार्डों में महा श्रमदान के विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर सफाई मित्रों को किट का वितरण किया गया। श्री शर्मा ने अभियान के तहत घर–घर जाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश देकर जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया।

इस दौरान श्री शर्मा न प्रयागराज की नगरीय समस्याओं और महाकुंभ मेले की तैयारी के सिलसिले में नगर के सभी पार्षदों के साथ समीक्षा बैठक की और

विभिन्न पहलुओं पर विचार–विमर्श किया। श्री शर्मा ने पार्षदों से उनके वार्डों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा।

————————————

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने नव वर्ष को लेकर राज्य के सभी पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम करने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने और हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए चौराहों पर चेकिंग की जाए। डीजीपी ने होटलों, क्लब, बार, माॅल और प्रमुख बाजारों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, पीएसी, पुलिस फोर्स के साथ गश्त करने के भी निर्देश दिये है।

लखनऊ कमिश्नरेट के कानून एवं व्यवस्था के संयुक्त पुलिस आयुक्त अमित वर्मा ने कहा है कि नव वर्ष का उत्सव शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से मनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। बाइट....

*31 और 1 तारीख को काफी आयोजन नववर्ष के रहते है इसमें 31 तारीख को शाम के समय काफी भीड़ रहेगी। मार्केटस में मॉलस में, होट्लस में, पार्क में और साथ ही एक तारीख को धार्मिक स्थलों में खासतौर पर मंदिरों में काफी आवागमन रहता है तो इस चीज को मद्देनजर रखते हुए हम लोगों ने स्पेशल प्लान तैयार किया है। एक जो ड्रंक एंड ड्राइविंग होता है उसके खिलाफ हम लोगों का अभियान चलेगा। महिलाओं की सुरक्षा के हेतु भी हम लोगों ने प्लान बना लिया है। इसमें ऐसे प्वाइंट जहां महिलाओं का आवागमन रहेगा वहां सादे कपड़ों में पुलिस रहेगी और ट्रैफिक में भी कई जगह डायवर्जन किया जायेगा। 31*

*और 1 तारीख के लिये पूरी तैयारियां है। एडीजी साहब के तरफ से भी इसमें काफी निर्देश आये है तो उनके निर्देशों का पालन कराते हुए हम लोग इस पर्व को सकुशल सम्पन्न करायेंगे।*

---

नए साल में श्रद्धालु वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिये बड़ी संख्या में पहुंचते है, उनके सुरक्षित और सुगम दर्शन के लिए तयारियां पूरी कर ली गई है। काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्य पालक अधिकारो विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो इसके लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, इस दौरान स्पर्श दर्शन पर पूरी तरह से रोक रहेगी। बाइट.....

*इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की दृष्टिगत यहां विशेष व्यवस्था की गई है। बेरीकेटिंग की व्यवस्था कर ली गई है। स्पर्श दर्शन व किसी भी प्रकार का यूआईपी प्रोटोकाल पहले से ही स्थगित किया जा चुका है और इसके बारे में पर्याप्त मात्रा में प्रचार प्रसार कर दिया गया है। श्रद्धालुओं के लगातार अनुरोध किया जा रहा है। गर्भगृह में पहुंचने का प्रयास व अनुरोध न करें। चूंकि अभी कुंभ आने वाला है तो सारे लोगों का प्रवाह प्रयाग की तरफ भी इस समय होगा। कुंभ में बहुत वहां भी भीड़ हो जाती है, तो कुछ लोग जो यां के दर्शनार्थी होते है प्रयागराज के कुंभ प्रारम्भ होने के पहले वहां एकबार स्नान करके आना चाहेंगे। 10 लाख तक मेक्सम लोगों की संख्या हो सकती है और उसी के अनुरूप हम लोगों ने व्यवस्था की है।*

---

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल महाकुंभ के विजन को प्रदेश की योगी सरकार साकार कर रही है। राज्य के नये 76वें जनपद महाकुंभ नगर को रिकॉर्ड समय में सभी नागरिक सुविधाओं के साथ बसाया जा रहा है। वहीं महाकुम्भ 2025 में पहली बार मेले को बसाने का काम डिजिटल तरीके से किया जा रहा है। पेश है एक रिपोर्ट.....

महाकुम्भ भूमि एवं सुविधा आवंटन की साइट पर भूमि और सुविधाएं एक क्लिक में मिल रही। *कुम्भ 2019 में साढ़े पांच हजार संस्थाओं की अपेक्षा इस बार महाकुंभ में पूरे मेला में 10 हजार से अधिक संस्थाओं का भूमि आवंटन किया जा रहा है, जिसमें सरकारी, आपातकालीन, सामजिक और धार्मिक संस्थाए शामिल हैं। सरकार की इस पारदर्शी व्यवस्था से साधु–संतों और संस्थाओं का काम बिना कतार में लगे आसानी से और जल्द हो रहा है। अमृत काल में लग रहे अमृत महोत्सव महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के प्रयागराज आने का अनुमान है। इसके लिए कुम्भ मेला में बने 25 सेक्टर का 4000 हेक्टेयर क्षेत्र का लेआउट जीआईएस आधारित नक्शे का उपयोग करके तैयार किया गया है। जो गूगल मैप्स के जरिए आसानी से पहुंचा जा सकता है। इसके अलावा गूगल चैट बाट और खोया पाया केंद्र का भी डिजिटलाइजेशन किया गया है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

———————————

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से प्रदेश के अधिकांश जिलों में कल से चल रही शीतलहर के कारण ठंड बढ़ गई है। राजधानी लखनऊ सहित बदायूं, कुशीनगर, बस्ती, फिरोजाबाद, जौनपुर, वाराणसी और अमरोहा में सुबह से धुंध और बदली छायी रही जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट का अनुमान व्यक्त किया है। विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले दो से तीन दिन रात और सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 5 दिनों में प्रदेश में न्यूनतम तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

———————————

सोमवती अमावस्या पर आज प्रदेश भर में पवित्र नदियों में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। वाराणसी में श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर पीपल के पेड़ की परिक्रमा की और शिव मंदिरों में पूजा अर्चना की। वहीं चित्रकूट, बदांयू अमरोहा और हापुड़ में भी पवित्र नदियों में स्नान के लिये जन सैलाब उमड़ पड़ा।

———————————

अंबेडकरनगर को नवम्बर माह में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। अयोध्या परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक द्वारा प्रदान प्रशस्ति पत्र को आज जिले के पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने पुलिसकर्मियों को देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

———————————

बलरामपुर जनपद में अखिल भारतीय प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट 26 दिसम्बर से 30 दिसंबर तक आयोजित किया गया। आज हुए फाइनल मैच में मेघ बरन सिंह हॉकी एकडमी गाज़ीपुर ने हॉकी एकेडमी नागपुर को एक के मुकाबले तीन गोल से हराकर फाइनल मुकाबला जीत लिया। प्रतियोगिता में बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और तमिलनाडु सहित पूरे देश से 14 टीमों ने प्रतिभाग किया।

(समाप्त)